डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 4969 दिनॉकः 14 अगस्त, 2021

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य, / समस्त छात्र / छात्राएं,
डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः **सत्र 2020–21 के सम सेमेस्टर (स्नातक / परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की आनलाइन मोड में करायी जाने वाली परीक्षाओं हेतु आवश्यक दिशा निर्देश के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संबंध में कृपया अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 4740 दिनांक 08 जुलाई, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के क्रम में सत्र 2020–21 के सम सेमेस्टर (स्नातक / परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की आनलाइन मोड में दिनांक 20 जुलाई, 2021 से आयोजित करायी जा रही परीक्षाओं को सफल एवं सुचारू रूप से कराये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये गये थे। उक्त पत्र में जारी दिशा–निर्देशों के अतिरिक्त **निम्नोक्त आवश्यक दिशा निर्देश पुनः निर्धारित किये गये हैं:**

1. समस्त छात्र / छात्राएं इन्टर्नेट तथा विद्युत पावर सप्लाई की सही एवं पूरी व्यवस्था और साथ में एक वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। छात्र को परीक्षा प्रारम्भ होने के प्रथम आधे घण्टे तक ही लागिन करने की स्वीकृति है। पूरे टेस्ट के दौरान यदि कोई परेशानी हो तो छात्र **लाग आउट** कर दें और अविलम्ब पुनः लागिन कर के परीक्षा प्रारम्भ करें। ऐसा करने से छात्र ने जहॉ से छोड़ा था परीक्षा वहीं से प्रारम्भ होगी।
2. परीक्षा के दौरान आर्टिफिशियल इण्टेलिजेंस (AI) अर्थात कृत्रिम बुद्धिमता पर आधारित साफ्टवेयर द्वारा आपके द्वारा की जा रही प्रत्येक गतिविधि को चिन्हित किया जाता है।
3. आपसे अपेक्षा की जाती है कि कृपया आपके कक्ष में (जहॉ आप परीक्षा दे रहे हैं) आपके अलावा और कोई व्यक्ति न हो तथा यथासंभव आपके पीछे की दीवार खाली हो उस पर कोई चित्र तथा दीवार पर कुछ लिखा न हो। छात्र परीक्षा देते समय कैमरे के सामने मध्य में देखें कक्ष में शान्ति रखें। उक्त सावधानी नहीं बरतने से (AI) द्वारा आपको वार्निंग मिलती रहेगी जिससे आपको UFM किया जा सकता है।
4. किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर छात्र द्वारा विश्वविद्यालय के फोन नं0 01206740122 पर काल करें जिसकी परीक्षा के दिवस में 15 लाइनें चल रही होती हैं।
5. कक्ष में प्रकाश की उचित व्यवस्था होनी चाहिए।
6. अपने पास आई0डी0 प्रूफ भी रखे ताकि यदि प्राक्टर द्वारा मांगने पर उसे दिखाया जा सके।
7. ऑन–लाइन परीक्षा के समय हेड–फोन / ईयर फोन इत्यादि का प्रयोग किया जाना वर्जित है।
8. यदि किसी भी कारणवश ऑन–लाइन परीक्षा के दौरान आन–लाइन परीक्षा कराने हेतु प्रयोग होने वाले सर्वर में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो छात्र ऐसी स्थिति परेशान नहीं हो। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा छात्र को SMS एवं E-Mail पर सूचना दी जायेगी तथा ससमय समस्या का निराकरण कर यथासम्भव पुनः आन–लाइन परीक्षा संचालित की जायेगी।

कृपया तद्नुसार अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Anurag Tripathi
14.08.21

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक